Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding railway connectivity in Rajasthan -laid.

श्री नरेन्द्र कुमार (झुन्झुनू): झुन्झुनू (राजस्थान) में ट्रेनों की सबसे ज्यादा कमी है। मैं मंत्री महोदय को बताना चाहता हूँ कि ट्रेन सं. 12955/12956 ब्रहमपुत्र मेल जो कि सुबह 4.30 बजे दिल्ली पहुंचती है इसको आगे लोहारू, झुन्झुनू, सीकर के रास्ते अजमेर तक विस्तारित करें व इसी क्रम में ट्रेन सं. 12239/12240 मुम्बई सेन्ट्रल जयपुर दुरंतो का विस्तार वाया झुन्झुनू, लुहारू, हिसार तक करने की मांग करता हूँ। उतर पश्चिम रेलवे द्वारा IRTTM2018/19 की मीटिगं में ट्रेन सं. 12239/12240 मुंबई सेन्ट्रल जयपुर दुरंतो का विस्तार हिसार तक वाया झुन्झुनू, लोहारू करने का प्रस्ताव रखा गया था। वर्ष 2016 में हमारी रेल लाईन ब्राडगेज हो गई थी परन्तु अभी तक झुन्झुनू इलाके की जनता का जुड़ाव रतलाम, बडोदरा, सूरत तथा मुम्बई से नहीं हो पाया। जहां पर शोखावाटी की बहुत आबादी रहती हैं।